# प्रेस नोट दिनाँक- 08.12.2023

**(1).** आज दिनाँक 08.12.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(2).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 08.12.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे- चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है ।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष मारकुण्डी श्री मनीष कुमार के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री प्रभाशंकर तथा उनकी टीम द्वारा मु0सं0 17/2014 धारा 26 FCT act व 27/29/50/51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त 1.कोदिया पत्नी झल्लर कोल 2. संती पत्नी शिवराज कोल 3. डोगिया पत्नी नत्थू 4.कोच्ची पत्नी दादूलाल 5. भूरी पत्नी लालमन कोल 6. बेलिया पत्नी लल्ली निवासीगण जारोमाफी डाडी कोलान थाना मारकुंडी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया ।

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः-</u>**

1. उ0नि0 श्री प्रभाशंकर थाना मारकुण्डी
2. उ0नि0 श्री रमजनी खा
3. आरक्षी शिवलाल
4. महिला आरक्षी मोहनी

**(4).** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा जनपदीय पुलिस विभाग के साथ स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम चलाये जाने के क्रम में आज दिनांक 08.12.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी राजापुर/नोडल अधिकारी स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियेंस लर्निंग प्रोग्राम श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में वरि0उ0नि0 मानिकपुर श्री रामवीर सिंह की उपस्थिति में SPEL कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर चित्रकूट से चयनित छात्र/छात्राओं को थाना मानिकपुर का भ्रमण करा सभी छात्रों को थाने के अभिलेखों के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से बताया गया।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदय श्रीमती वृंदा शुक्ला के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री श्याम प्रताप पटेल के मार्गदर्शन में थाना पहाड़ी पुलिस ने मोबाइल की दुकान में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया।
उल्लेखनीय है कि दिनांक 09.10.2023 को वादी श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव निवासी पहाड़ी बुजुर्ग थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट द्वारा थाना पहाड़ी में सूचना दी कि कस्बा पहाड़ी राजापुर रोड स्थित उनकी दुकान सपना मोबाइल से अज्ञात चोरों ने मोबाइल चोरी कर लिए हैं, इस सूचना पर थाना पहाड़ी में मु0अ0सं0 223/2023 धारा 457/380 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी द्वारा घटना का संज्ञान लेकर उ0नि0 श्री रविकांत राय को घटना के अनावरण हेतु लगाया गया। उपनिरीक्षक श्री रवि रक्कांत राय द्वारा अपनी टीम अथक प्रयास करते हुये मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त वेद प्रकाश मिश्रा पुत्र स्व0 शारदा प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम जोगी जोत बेलवरिया थाना धानेपुर जनपद गोंडा तथा अभियुक्त अजय राव पुत्र श्याम सुंदर निवासी फैजुल्ला जहरुल्ला थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ को चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। चोरी के मोबाइल फोन बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि0 की बढ़ोतरी की गयी।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-</u>**

1. वेद प्रकाश मिश्रा पुत्र स्व0 शारदा प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम जोगी जोत बेलवरिया थाना धानेपुर जनपद गोंडा
2. अजय राव पुत्र श्याम सुंदर निवासी फैजुल्ला जहरुल्ला थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़

**<u>बरामदगीः-</u>**

चोरी के 02 अदद मोबाइल फोन

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1. उ0नि0 श्री रविकांत राय थाना पहाड़ी
2. आरक्षी सूर्यकांत यादव
3. आरक्षी जयप्रकाश विश्वकर्मा